सामुदायिक परिवहन मूल्य निर्धारण पायलट (CTPP)

CTPP क्या है?

सामुदायिक परिवहन मूल्य निर्धारण पायलट (CTPP) स्वास्थ्य और वृद्ध देखभाल विभाग (हेल्थ एंड एज केयर डिपार्टमेन्ट), दक्षिण ऑस्ट्रेलिया विश्वविद्यालय (यूनिवरसिटि ऑफ साउथ ऑस्ट्रेलिया), और ऑस्ट्रेलियाई सामुदायिक परिवहन संघ (ऑस्ट्रेलिया कम्यूनिटी ट्रांसपोर्ट असोसियेशन) की सहभागी परियोजना है। इसका उद्देश्य एक मूल्य निर्धारण मॉडल विकसित करना और ऐसे नीतिगत विकल्पों की खोज करना है जो सामुदायिक परिवहन में लंबे समय तक ठहराव ला सकें। यह मॉडल कॉमनवेल्थ होम सपोर्ट प्रोग्राम (CHSP) के तहत वरिष्ठ ऑस्ट्रेलियाई नागरिकों के लिए सामुदायिक परिवहन यात्राओं के सामाजिक और आर्थिक मूल्यों को प्रदर्शित करेगा।

आपको इसे क्यों पढ़ना चाहिए?

आपको यह फेक्टशीट मिली है क्योंकि CTPP परियोजना के डाटा संकलन की प्रक्रिया में आपके शामिल होने की संभावना है। आप चाहे ड्राइवर हों, टीम का नेतृत्व कर रहे हों, योजना बनाते हों या सेवा समन्वयक हों, सटीक डाटा का संकलन हमें निम्नलिखित में मदद करेगा:

- सामुदायिक परिवहन क्षेत्र में स्थिरता सुनिश्चित करना
- प्रदान की गई सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार करना
- ऐसे व्यक्तियों तक आवश्यक सामुदायिक परिवहन सेवाएं पहुंचाने में आपकी संस्था का सहयोग करना जो आत्मनिर्भरता और अपने स्वास्थ्य के लिए उन पर निर्भर हैं

हम इसे कैसे कर रहे हैं?

यात्रा डाटा संकलन

CTPP परियोजना यात्राओं के दौरान डाटा का संकलन कर रही है और इसके केंद्र में वे 31 सामुदायिक परिवहन यात्रा प्रदाता हैं जो CHSP के वित्तीय सहयोग से वरिष्ठ ऑस्ट्रेलियाई नागरिकों के लिए यात्राओं का आयोजन करते हैं। इन 31 प्रतिभागियों का चयन उनके विशिष्ट व्यावसायिक मॉडल, भौगोलिक स्थिति आधारभूत ढांचे और CHSP अनुबंध की शर्तों की अनुपालना के आधार पर दिसंबर 2023 में किया गया था।

आपकी संस्था में यात्रा के डाटा का संकलन

आपकी संस्था सामुदायिक परिवहन यात्राओं को रिकॉर्ड करने, कार्यक्रम निर्धारित करने, उनके प्रबंधन, और उन्हें ट्रैक करने के लिए सॉफ़्टवेयर का उपयोग कर सकती है। कुछ आईटी प्रदाता इस सॉफ़्टवेयर का मोबाइल ऐप संस्करण भी उपलब्ध कराते हैं। यदि आप डेटा संकलन की प्रक्रिया में शामिल हैं, तो यह संस्था की ज़िम्मेदारी है कि आपको मोबाइल ऐप का प्रभावी उपयोग करने के लिए प्रशिक्षण दे ताकि सभी सामुदायिक परिवहन यात्राओं से आवश्यक फील्ड डाटा का सटीक संकलन किया जा सके।

info@communitytransportaustralia.org.au 0447712049

आप कौन सा डेटा संकलित कर रहे हैं?



CTPP डाटा संकलन में ड्राईवर की भूमिका का महत्व क्यों है?

CTPP डाटा संकलन में ड्राईवर की भूमिका महत्वपूर्ण है क्योंकि वे रोज़मर्रा में सामुदायिक परिवहन सेवाओं का उपयोग करने वाले वरिष्ठ ऑस्ट्रेलियाई नागरिकों को सेवा प्रदान करते हैं और उनके साथ बातचीत भी करते हैं। यदि आप एक ड्राईवर हैं, तो टीम के फ्रंट लाइन सदस्य हैं जो यह सुनिश्चित करते हैं कि डाटा सटीक रूप से रिकॉर्ड किया गया है, चाहे वह मोबाइल ऐप, स्प्रेड शीट या किसी अन्य माध्यम से दर्ज क्यों न किया गया हो। कृपया सुनिश्चित करें कि सामुदायिक परिवहन यात्राओं के लिए आप जो डाटा रिकॉर्ड करते हैं, वह इन सिद्धांतों का पालन करता है:

1.सटीकता
2.निरंतरता
3.सेवा की वास्तविकता को दर्शाना
4.स्पष्ट क्रम

प्रश्न?

सामुदायिक परिवहन यात्राओं के डाटा को अधिक सटीक रूप से कैसे रिकॉर्ड किया जाए इसके बारे में यदि आपके मन में कोई प्रश्न हैं, तो कृपया अपने टीम लीड से परामर्श करें।
यदि अधिक प्रशिक्षण की जरूरत हो तो टीम लीड, प्रबंधक और सीईओ आईटी प्रदाताओं के साथ विशिष्ट प्रशिक्षण सत्रों की व्यवस्था करें। ध्यान रहे कि आईटी सेवा प्रदाताओं से प्रशिक्षण के लिए शुल्क लिया जा सकता है।